# दिल्ली पुलिस

## कॉंस्टेबिल (ड्राइवर) भर्ती परीक्षा


### का हल प्रश्न-पत्र

(स्मृति पर आधारित)

[redacted]

# 2009

1.



उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?

(A) एक तरफा रास्ता

(B) 'ओवरटेकिंग' निषेध है

(C) प्रवेश निषेध है

(D) भारी वाहनों के लिए प्रवेश निषेध है

2. एक संख्या 7 से बड़ी है, लेकिन 19 से छोटी. यह संख्या 17 से भी बड़ी है, लेकिन 33 से छोटी. संख्या मालूम करो—

(A) 19 (B) 18

(C) 31 (D) इनमें से कोई नहीं

3. 'लेफ्ट हैंड ड्राइव' वाहन में 'स्टीयरिंग व्हील' किस तरफ होता है?

(A) बाएँ हाथ की तरफ

(B) मध्य में

(C) दाहिने हाथ की तरफ

(D) इनमें से कोई नहीं

4. रात के समय वाहन चलाते समय 'हैडलाइट' सामान्यतः किस स्थिति पर होनी चाहिए?

(A) स्विच बंद

(B) निचली बीम (Low Beam)

(C) ऊपरी बीम (High Beam)

(D) इनमें से कोई नहीं

5. गोल चक्कर पर रास्ता लेने का अधिकार किसको है?

(A) आपके दाहिनी तरफ के ट्रैफिक को

(B) आपके बाईं तरफ के ट्रैफिक को

(C) तेज रफ्तार से चलने वाले वाहन को

(D) इनमें से कोई नहीं

6. तीन लेन वाली सड़क पर 'ओवरटेकिंग' लेन प्रायः किस तरफ होगी?

(A) बाईं तरफ (B) मध्य में

(C) दाहिनी तरफ (D) इनमें से कोई नहीं

7. अपना वाहन खड़ा करके छोड़ने से पहले आप क्या करेंगे?

(A) इग्निशन की (चाबी) से बन्द करेंगे

(B) इंजिन बन्द करके, इग्निशन लॉक करेंगे व चाबी निकालकर हैंड ब्रेक लगाएँगे

(C) इंजिन बन्द करके कार को लॉक करेंगे

(D) इनमें से कोई नहीं

8. सड़क के मध्य में लगी एक साथ दो ठोस लाइनें क्या दर्शाती हैं?

(A) 'ओवरटेक' करते समय आप इन लाइनों को पार कर सकते हैं

(B) जब तक कोई रुकावट न हो आप इन लाइनों को पार नहीं कर सकते हैं

(C) 'ओवरटेक' नहीं कर सकते हैं

(D) केवल एक तरफा ट्रैफिक के लिए

9. रुक-रुककर लगातार जलती पीली बत्ती का क्या अर्थ है?

(A) धीमी गति करें और सावधानी से आगे बढ़ें

(B) रुकें, यदि आपके लिए रुकना सुरक्षित और सम्भव हो

(C) उसी गति से चलते रहें

(D) इनमें से कोई नहीं

10. बैटरी को 'टॉप अप' (TOP UP) करने के लिए आप क्या करेंगे?


(A) तेजाब डालेंगे

(B) डिस्टिल्ड पानी डालेंगे

(C) दोनों का मिश्रण डालेंगे

(D) डिस्टिल्ड पानी और कूलेंट का मिश्रण डालेंगे

11.



उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?

(A) प्रवेश निषेध है

(B) 'ओवरटेकिंग' निषेध है

(C) केवल एक तरफ के लिए प्रवेश

(D) प्रतिक्षा करना निषेध है

12. वाहन की धुलाई के बाद जब ब्रेक लगाने की क्षमता कम हो गई हो, तो आप क्या करेंगे?

(A) वर्कशॉप में जाकर ब्रेक ठीक कराएंगे

(B) वाहन काबिले सर्विस नहीं है और इसे तुरन्त ट्रैफिक से हटा लिया जाएगा (ऑफ रोड कर लिया जाएगा)

(C) धीमी गति पर वाहन चलाते हुए बार-बार ब्रेक लगाने से ब्रेक लगने की क्षमता लौट आएगी

(D) इनमें से कोई नहीं

13. रवि ने एक साइकिल 1200 रु. में खरीद कर 200 रु. का नुकसान उठाकर गणेश को बेच दी. गणेश ने उसी साईकिल को 10% के नुकसान पर इरफान को बेच दी. इरफान ने कितने रुपए में साईकिल खरीदी?

(A) 1100 रु. (B) 950 रु.

(C) 1000 रु. (D) 900 रु.

14. पेट्रोल इंजिन : स्पार्क प्लग : : डीजल इंजिन : .........

(A) पिस्टन रिंग (B) क्रैंक शाफ्ट

(C) हीटर प्लग (D) डिस्ट्रीब्यूटर

15. दिल्ली से भोपाल के लिए हर 40 मिनट के बाद बस चलती है. आखिरी बार भोपाल के लिए बस 15 मिनट पहले चली थी और अब समय 11·25 A.M है. अगली बस भोपाल के लिए कब चलेगी?

(A) 11.50 A.M. (B) 12·05 P.M.

(C) 11·40 A.M. (D) 11·45 A.M.

16. दिल्ली और लखनऊ के बीच की दूरी 520 किमी है. एक रेलगाड़ी ने पहले घण्टे में 70 किमी तय किए और बाकी दूरी तय करने के लिए यदि यह गाड़ी 90 किमी प्रति घण्टा की गति से दौड़ती है, तो कुल कितना समय लगेगा?

(A) 5 घण्टे (B) 7 घण्टे

(C) 5 घण्टे 30 मिनट (D) 6 घण्टे

17. अनिवार्य ट्रैफिक संकेत किस आकृति में दर्शाए जाते हैं?

(A) त्रिभुज (B) वृत्त

(C) आयत (D) किसी भी आकृति में


18. चौक कब इस्तेमाल किया जाता है?

(A) जब इंजिन गर्म हो

(B) जब इंजिन ठंडा हो

(D) उपर्युक्त सभी

19.



उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?

(A) आगे संकरी पुलिया है

(B) आगे एक तरफा रास्ता है

(C) 'डूअल कैरजवे' (Dual Carriageway) की समाप्ति

(D) इनमें से कोई नहीं

20. ठण्डी जलवायु में मिट्टी तेल को किसमें मिलाया जा सकता है?

(A) पेट्रोल (B) डीजल

(C) सी. एन. जी. (D) उपर्युक्त सभी में

21. जब भी इंजिन ऑयल बदलते हैं, तो ............ को भी बदला जाएगा.

(A) ट्राँसमिशन ऑयल (B) कूलेंट

(C) ब्रेक ऑयल (D) ऑयल फिल्टर

22. सूचनात्मक संकेत प्रायः किस आकृति में दर्शाए जाते हैं?

(A) वृत्त

(B) त्रिभुज

(C) आयत

(D) किसी विशेष आकृति में नहीं

23. एक व्यापारी द्वारा खरीदे गए आलुओं में 10% आलू खराब निकले. बचे हुए आलुओं को उसने 20% लाभ कमाकर बेच दिए. पूरे सौदे में उसने कितना प्रतिशत लाभ हुआ?

(A) 10% (B) 12%


(C) 8% (D) 6%

24. उस्ताद जाकिर हुसैन किस वाद्य यंत्र से सम्बन्धित हैं?

(A) सरोद (B) सितार

(C) तबला (D) बाँसुरी

25.



उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?

(A) प्रवेश निषेध है

(B) भारी वाहनों के लिए

(C) वाहन खड़ा करना मना है

(D) प्रतिबन्ध समाप्त

26. अमर्त्य सेन एक प्रसिद्ध भारतीय ………… हैं.

(A) संगीतकार (B) व्यापारी

(C) अर्थशास्त्री (D) इनमें से कोई नहीं

27. दूसरे वाहन को आप बाईं तरफ से ओवरटेक कब कर सकते हैं?


(A) हमेशा

(B) केवल तभी जब आगे जा रहे वाहन का चालक बाएँ मुड़ने का सिग्नल दे

(C) केवल तभी जब आगे जा रहा वाहन दाहिनी तरफ मुड़ने लगे और जब बाईं तरफ आपको कोई रुकावट न दिखे

(D) केवल तभी जब आप बाईं लेन में हों

28.



उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?

(A) आगे पुलिया है

(B) आगे संकरा रास्ता है

(C) एक तरफा रास्ता

(D) सड़क टूटी हुई है

29. 'कारब्यूरेटर' किस इंजिन में लगा होता है?

(A) डीजल इंजिन

(B) पेट्रोल इंजिन

(C) दोनों प्रकार के इंजिनों में

(D) इनमें से किसी में नहीं

30. कौन से युद्ध में दर्द और पीड़ा देख कर अशोक महान् शोक ग्रस्त हुए?

(A) प्लासी का युद्ध (B) मगध का वार

(C) लुम्बिनी का युद्ध (D) कलिंग का वार

31. वाहन के अन्दर वैक्यूम बूस्टर किस में सहायक होता है?

(A) पॉवर (B) ब्रेक

(C) ईंधन खपत (D) इनमें से कोई नहीं




उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?

(A) केवल 50 मिनट के लिए पार्किंग

(B) गति सीमा 50 किमी प्रति घण्टा

(C) केवल 50 वाहनों के लिए पार्किंग की जगह

(D) 50 मीटर आगे सड़क बन्द है

33. राज्य सभा सदस्यता की अवधि कितनी है?

(A) 5 वर्ष (B) 6 वर्ष

(C) 4 वर्ष (D) उपर्युक्त में कोई नहीं

34. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया का केन्द्रीय दफ्तर कहाँ स्थित है?

(A) नई दिल्ली (B) मुम्बई

(C) कोलकाता (D) चेन्नई

35. शृंखला को पूरी करें–

23, 40, 57, ……

(A) 74 (B) 80

(C) 77 (D) 93

**निर्देश**—(प्रश्न 36 से 39 तक) दिए गए समूहों में, जो भिन्न है उसे छाँटिए–

36. (A) गाय (B) बकरी

(C) ऊँट (D) कुत्ता

37. (A) पेट्रोल (B) लकड़ी

(C) डीजल (D) सी. एन. जी.

38. (A) सूर्य (B) चन्द्रमा

(C) इन्द्रधनुष (D) सितारे

39. (A) सेब (B) आलू

(C) टमाटर (D) अँगूर

40. कार स्टार्ट करते समय, एक्सीलूरेटर की क्या स्थिति होनी चाहिए?

(A) यह पूर्णतया नीचे दबा होना चाहिए

(B) इसको लगातार पम्प करना चाहिए

(C) सामान्यतः इसको बिल्कुल नहीं दबाना चाहिए

(D) इनमें से कोई नहीं

41. 


उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?
(A) केवल 3·5 मीटर तक ऊँचे वाहनों के लिए प्रवेश
(B) 3·5 टन भारी वाहनों के लिए प्रवेश निषेध
(C) ऊँचे वाहनों के लिए पार्किंग निषेध
(D) भारी वाहनों के लिए पार्किंग निषेध

42. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल—
(A) किया जा सकता है यदि हस्त मुक्त किट हो
(B) वर्जित है
(C) किया जा सकता है यदि आप गति सीमा के अन्दर वाहन चला रहे हों
(D) इनमें से कोई नहीं

43. राजस्थान में जारी किया गया लाइसेंस—
(A) केवल राजस्थान में वैध है
(B) राजस्थान और पड़ोसी राज्यों में वैध है
(C) पूर्ण भारत में वैध है
(D) उत्तरी भारत के तमाम राज्यों में वैध है

44. हमारा शरीर मूलतः ............ से बना है.
(A) लोहा (B) मांस-पेशी
(C) हड्डी (D) पानी

45. निम्नलिखित में से कौनसा ऊर्जा का स्रोत पर्यावरण के अनुकूल नहीं है?
(A) सौर-ऊर्जा (B) वायु ऊर्जा
(C) कोयला (D) इनमें से कोई नहीं

46. पहाड़ी सड़क पर रास्ता पाने का अधिकार किसको है?
(A) चढ़ाई करते हुए वाहन को
(B) नीचे उतरते हुए वाहन को
(C) भारी वाहन को
(D) स्थिति पर निर्भर करता है

47. आधुनिक वाहनों में किस प्रकार ब्रेक होते हैं?
(A) ड्रम ब्रेक (B) डिस्क ब्रेक
(C) उपर्युक्त दोनों (D) इनमें से कोई नहीं


48. इंजिन ऑयल कब जाँच करना चाहिए?
(A) जब इंजिन ठण्डा हो और वाहन का स्तर ठीक हो
(B) जब इंजिन गर्म हो
(D) उपर्युक्त सभी

49. साइना नेहवाल किस खेल से सम्बन्धित है?
(A) टेनिस (B) बैडमिन्टन
(C) तैराकी (D) शतरंज

50. दिल्ली पुलिस अधिनियम कब लागू हुआ?
(A) 1861 (B) 1951
(C) 1978 (D) 1975

51. प्रेशर हॉर्न का इस्तेमाल—
(A) रास्ता खुलवाने में मदद करता है
(B) रात के समय नहीं करना चाहिए
(C) गैर-कानूनी है
(D) केवल अतिविशिष्ट व्यक्तियों के वाहन के लिए मान्य है

52. भारत किस संगठन का सदस्य है?
(A) उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO)
(B) दक्षिण एशिया क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC)
(C) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्
(D) उपर्युक्त सभी

53. 

उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?
(A) आगे अस्पताल है
(B) गति सीमा समाप्त
(C) वाहन वर्जित
(D) वाहन पार्किंग व ठहराना वर्जित

54. ......... राज्य सभा का सभापति होता है.
(A) लोक सभा उपाध्यक्ष (B) भारत का उप-राष्ट्रपति
(C) अटॉर्नी जनरल (D) इनमें से कोई नहीं

55. महीने के पहले 15 दिन में एक कार 310 लिटर पेट्रोल में 2480 किमी की दूरी तय करती है, जबकि वही कार अगले 15 दिन में 320 लिटर पेट्रोल में 2560 किमी की दूरी तय करती है. समस्त माह के दौरान यह कार कितनी दूरी प्रति लिटर तय करती है?
(A) 9 किमी (B) 7·6 किमी
(C) 8·4 किमी (D) 8 किमी


56. अभिनव बिंद्रा ने किस खेल में ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीता है?
(A) बॉक्सिग (B) शतरंज
(C) कुश्ती (D) शूटिंग

57. विशाखापटनम् बंदरगाह किस तट पर स्थित है?
(A) बंगाल की खाड़ी (B) अरब सागर
(C) खम्भात की खाड़ी (D) पाक स्ट्रेट

58. ......... मार्बल के लिए प्रसिद्ध है.
(A) राँची (B) मकराना
(C) बोकारो (D) मदुरई

59. भारत का सबसे पुराना फुटबाल टूर्नामेंट कौनसा है?
(A) सन्तोष ट्रॉफी (B) रणजी ट्रॉफी
(C) ड्यूरन्ड कप (D) इनमें से कोई नहीं

60.




उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?
(A) किसी भी तरफ पार्किंग नहीं है
(B) दोनों तरफ पार्किंग है
(C) केवल रात के समय पार्किंग
(D) इनमें से कोई नहीं

61. ......... द्वारा जम्मू को कश्मीर की घाटी से जोड़ा गया है?
(A) रोहतांग दर्रा (B) बरालाचा सुरंग
(C) जवाहर सुरंग (D) सेला दर्रा

62. अमरनाथ गुफा कहाँ स्थित है?
(A) जम्मू और कश्मीर (B) हिमाचल प्रदेश
(C) तिब्बत (D) उत्तराखण्ड

63. निजी कारों का रजिस्ट्रेशन नम्बर किस तरीके से लिखा जाता है?
(A) सफेद प्लेट पर काले अक्षरों में
(B) काली प्लेट पर सफेद अक्षरों में
(C) पीली प्लेट पर काले अक्षरों में
(D) काली प्लेट पर पीले अक्षरों में


64. लर्नर्स लाईसेंस के आवेदन के लिए न्यूनतम आयु कितनी है?
(A) 21 साल (B) 18 साल
(C) 16 साल (D) इनमें से कोई नहीं

एक शराब पीया हुआ व्यक्ति किस स्थिति में वाहन चला सकता है?
(A) यदि उसे लगे कि वह कार को नियन्त्रित कर सकता है
(B) यदि उसका घर नजदीक हो
(C) यदि वह निपुण चालक हो
(D) इनमें से कोई नहीं

66. एक पानी की टंकी की क्षमता 400 लिटर है. 10 बाल्टी पानी डालने से टंकी आधी भर जाती है, तो एक बाल्टी की क्षमता क्या है?
(A) 10 लिटर (B) 15 लिटर
(C) 40 लिटर (D) 20 लिटर

67. 'क्लच' पर पैर रखने से आप समझते हैं?
(A) पैर को आराम देने में मदद मिलती है
(B) गीयर जल्दी बदलने में मदद मिलती है
(C) यह एक बुरी आदत है
(D) इनमें से कोई नहीं


68.



उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?
(A) पार्किंग निषेध (B) गति सीमा समाप्त
(C) प्रवेश निषेध (D) सड़क बंद है

69. प्रसिद्ध सूर्य मन्दिर (सन टैम्पल) कहाँ स्थित है?
(A) मदुरई (B) मथुरा
(C) कोणार्क (D) कालीकट

70.



उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?
(A) आगे प्राथमिक सेवा चौकी है
(B) मेडीकल जाँच की जरूरत है
(C) अपनी प्राथमिक सेवा किट चैक करें
(D) इनमें से कोई नहीं

71. रुक-रुककर लगातार जलती हुई लाल बत्ती से क्या तात्पर्य है?

(A) रुको और हरी बत्ती होने का इन्तजार करो

(B) रुको और सावधानी से आगे बढ़ो

(C) गुजरने वाले ट्रेफिक को देखने के लिए गति धीमी करो और सुरक्षित मौका देखकर आगे बढ़ो

(D) इनमें से कोई नहीं

72. निम्नलिखित में क्या कानूनन निषेध है?

(A) फुटपाथ पर वाहन खड़ा करना

(B) पुल के ऊपर या सुरंग के अन्दर वाहन खड़ा करना

(C) साइकिल लेन के अन्दर वाहन खड़ा करना

(D) उपर्युक्त सभी

73. आपके वाहन से घटित दुर्घटना में लोगों को चोट लगने पर आपको क्या करना चाहिए?

(A) नजदीकी थाने में सूचना दें और लोगों को अस्पताल ले जाएँ

(B) पहले चोटिल लोगों को अस्पताल ले जाएँ और फिर थाने को सूचित करें

(C) थाने को सूचित करने की जरूरत नहीं, बल्कि लोगों को अस्पताल ले जाएँ

(D) 100 नम्बर पर पी सी आर को सूचित करें और अपनी यात्रा जारी रखें

74. दाहिने मुड़ते वक्त आपको किस लेन में होना चाहिए?

(A) किसी भी लेन में

(B) बिल्कुल बायीं तरफ की लेन में

(C) बिल्कुल दाहिने तरफ की लेन में

(D) मध्य की लेन में

75. गीली या फिसलन वाली सड़क पर वाहन चलाने की स्थिति में—

(A) टायर प्रेशर कम करें

(B) अचानक गति अवरोध न लगाएँ व अचानक गतिशीलता न अपनाएँ

(C) तेज गति से वाहन चलाएँ

(D) उपर्युक्त सभी

76. मियाद मुक्त बीमा के साथ वाहन चलाने की स्थिति में—

(A) आपको सावधानीपूर्वक वाहन चलाना होगा ताकि कोई दुर्घटना न हो और थर्ड पार्टी को कोई नुकसान न हो

(B) वाहन बिल्कुल नहीं चलाना चाहिए

(C) यदि चालक का व्यक्तिगत बीमा वैध है, तो वह वाहन चला सकता है

(D) उपर्युक्त सभी

77. सन् 2008 में भारत ने किस देश के साथ परमाणु समझौता किया था?

(A) चीन (B) संयुक्त राज्य अमरीका

(C) पाकिस्तान (D) जर्मनी

78. लाल किला किसने बनवाया?

(A) अकबर (B) औरंगजेब

(C) जहाँगीर (D) शाहजहाँ

79.



उपर्युक्त संकेत क्या दर्शाता है?

(A) आगे खेल का मैदान है

(B) आगे लोग सड़क पार कर रहे हैं

(C) आगे स्कूल है

(D) उपर्युक्त सभी

80. पाकिस्तान का राष्ट्रपति कौन है?

(A) जनरल कयानी (B) परवेज मुशर्रफ

(C) यूसुफ गिलानी (D) आसिफअली जरदारी

81. अम्बानी बन्धुओं का हाल में किस विषय पर विवाद है?

(A) प्राकृतिक गैस (B) सूती कपड़ा

(C) मोबाइल फोन (D) पेट्रोल पम्प

82. एच $_1$ एच $_1$ (स्वाइन फ्ल्यू) किस माध्यम से फैलता है?

(A) दूषित भोजन जिसमें सुअर का मांस हो

(B) संक्रमित व्यक्ति का दूषित खून

(C) संक्रामित व्यक्ति के सम्पर्क में आने से

(D) उपर्युक्त सभी

83. कजीरंगा वन संरक्षण क्षेत्र किस के लिए मशहूर है?

(A) गैंडा (B) सफेद बाघ

(C) घड़ियाल (D) ग्रेट इंडियन बस्टर्ड

84. हमारे घरों में विद्युत् करंट कितना होता है?

(A) 220 वॉल्ट ए सी

(B) 220 वॉल्ट डी सी

(C) 440 वॉल्ट ए सी

(D) इनमें से कोई नहीं

85. ईटानगर किस राज्य की राजधानी है?
(A) मिजोरम (B) त्रिपुरा
(C) अरुणाचल प्रदेश (D) मेघालय

86. कार : पेट्रोल : : टॉर्च : .........
(A) प्लास्टिक (B) सेल
(C) बल्ब (D) इनमें से कोई नहीं

87. मोहल्ला : घर : : ...... : विद्यार्थी
(A) कक्षा (B) पुस्तकें
(C) वर्दी (D) इनमें से कोई नहीं

88. ...... : हिरण : : गाय : घास
(A) पत्ते (B) शेर
(C) जंगल (D) चिड़ियाघर

89. इस्तेमाल शुद्ध सुई : ......... : : मच्छर का काटना : मलेरिया
(A) दर्द (B) इंजेक्शन
(C) एचआईवी-एड्स (D) केंसर

90. कैसेट टेप : ऑडियो सी डी : : ...... : डिजीटल तस्वीर
(A) फोटो फिल्म (B) कैमरा
(C) कम्प्यूटर (D) इनमें से कोई नहीं

## उत्तर व्याख्या सहित

1. (B) 2. (B) 3. (A) 4. (B) 5. (A)
6. (C) 7. (B) 8. (C) 9. (A) 10. (B)
11. (A) 12. (C) 13. (D) 14. (B) 15. (A)
16. (D) 17. (D) 18. (B) 19. (D) 20. (B)
21. (D) 22. (C)

23. (C) माना कुल आलू 100 क है.
तब खराब आलू 10 क
बचे = 90 क
लाभ ——— 100
= 18 क
कुल 90 क + 18 क = 108 क
लाभ = 108 क – 100 क
= 8 क

24. (C) 25. (D) 26. (C) 27. (C) 28. (B)
29. (B) 30. (D) 31. (B) 32. (B)

33. (B) राज्य सभा एक स्थायी संस्था है. यह कभी भंग नहीं होती है. इसके एक-तिहाई सदस्यों का कार्यक्रम प्रति दूसरे वर्ष समाप्त हो जाता है और इनके स्थान पर अन्य सदस्य विधान सभाओं से चुनकर आते हैं. इसके सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष होता है.

34. (B) 35. (A)

36. (D) अन्य सभी शाकाहारी हैं.

37. (B) 38. (C) 39. (B) 40. (C) 41. (A)
42. (B) 43. (C) 44. (D) 45. (C) 46. (A)
47. (C) 48. (A) 49. (B) 50. (C) 51. (C)
52. (B) 53. (D) 54. (B) 55. (D) 56. (D)

57. (A) विशाखापटनम् बंदरगाह आंध्र प्रदेश राज्य में है.

58. (B) मकराना, राजस्थान के नागौर जिले में है.

59. (C) 60. (B) 61. (C) 62. (A) 63. (A)
64. (B) 65. (D) 66. (D) 67. (C) 68. (A)

69. (C) कोणार्क का सूर्य मंदिर उड़ीसा राज्य में है.

70. (A) 71. (B) 72. (D) 73. (B) 74. (C)
75. (B) 76. (B) 77. (B) 78. (D) 79. (C)
80. (D) 81. (A) 82. (D) 83. (A) 84. (A)
85. (C) 86. (B) 87. (A) 88. (B) 89. (C)
90. (A)